हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, अक्टूबर 31, 2025

9 गोपाष्टमी पर निकाली भव्य परिक्रमा गोसेवा...



10 उत्तरपुस्तिका मुद्रण प्रणाली के विरोध में किया रोष...



## खबर संक्षेप

### मकान से चरस बरामद मामले में आरोपी काबू

**चरखी दादरी।** सीआईए स्टाफ चरखी दादरी ने गांव मैहड़ा में मकान से 448 ग्राम बरामदगी मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि 17 अक्टूबर को गश्त पड़ताल के दौरान एएसआई दिलबाग को सुचना मिली कि गांव मैहड़ा निवासी कुलबीर नशीला पदार्थ बेचने का काम करता है तथा उसके पास उसके मकान में चरस होने की पूरी सम्भावना है।

### रोजगार मेले में 11 छात्रों को मिली नौकरी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में प्रधानमंत्री शिक्षुता रोजगार मेले का आयोजन किया गया। विभिन्न जिलों से आई 28 छात्राओं में से विभिन्न कंपनियों ने साक्षात्कार के आधार पर 11 प्रार्थियों का चयन किया।

आईटीआई के प्रधानाचार्य बलबीर सिंह ने बताया कि यह शिक्षुता मेला भारत सरकार एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की गाइड अनुसार लगाया जाता है। इस रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा प्लेसमेंट/अप्रेंटिसशिप के लिए 28 छात्राओं में से 11 का चयन शिक्षुता व प्लेसमेंट हेतू किया गया। इस मेले में चयनित अभ्यर्थियों को 12 हजार से 14 हजार 500 रुपए तक का मानदेय दिया जाएगा।

### आगजनी से लाखों का नुकसान, शिकायत

**बाढड़ा।** गांव काकड़ौली में बीती रात एक कोल्ड स्टोर में लगी भीषण आग से लाखों रुपये का नुकसान हो गया। पीड़ित किसान रामकिशन निवासी काकड़ौली हट्टी ने इस घटना को जानबूझकर की गई आगजनी बताया है और मौके पर पुलिस बुलाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित किसान रामकिशन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 29 अक्तूबर की शाम करीब 8बजे उसके खेत में बने स्टोर में अचानक आग लग गई। आग की सूचना मिलने पर जब वह मौके पर पहुंचा तो देखा कि पूरा स्टोर जलकर राख हो चुका था। स्टोर में

### एक नवंबर को पंचायत भवन में होगा उत्सव

**भिवानी।** हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में एक नवंबर को सुबह दस बजे स्थानीय पंचायत भवन में हरियाणा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विद्यार्थियों व कलाकारों द्वारा हरियाणा प्रदेश की संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। डीसी साहिल गुप्ता ने ये जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा स्कूली बच्चों के बीच पेंटिंग, निबंध व भाषण आदि तरह की प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। प्रतियोगिताओं में जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समारोह के दौरान लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।

### शंकर गिरी कॉलोनी के निवासियों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा

# अधिग्रहण के खतरे में कॉलोनी : निवासियों ने नहरी भूमि के दावे पर सर्वे की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हालुवास गेट पर रेलवे फाटक के नजदीक स्थित शंकर गिरी कॉलोनी के निवासियों ने रेलवे विभाग द्वारा अपनी जमीन के अधिग्रहण के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाई है। निवासियों ने जिला उपायुक्त को एक लिखित याचिका सौंपकर ज़मीन के दोबारा सर्वे की मांग की है, ताकि उनकी दशकों पुरानी आवासीय बस्ती को बचाया जा सके। वीरवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने पहुंचे सुरेश शर्मा, अधिवक्ता पवन गौतम, संदीप सिंघल, सचिन शर्मा, अन्नु सोनी, अभिषेक मित्तल, सुमित दहिया, शुभम, बाबूलाल सोनी, बिजेंद्र, सुमित, सतबीर जांगड़ा, हरिओम सहित अन्य ने बतारया कि मामला खसरा संख्या 145 और 146 से संबंधित है, जिसे रेलवे विभाग द्वारा नहरी भूमि बताकर अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि रेलवे विभाग ने 13 अप्रैल 2025 को एक गज़ट नोटिफिकेशन जारी किया था, जिसमें केवल खसरा संख्या का उल्लेख था। इसके बाद 15 अक्टूबर 2025 को एक और नोटिफिकेशन जारी किया गया, जिसमें कॉलोनी के निवासियों के नाम प्रकाशित किए गए, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि उनकी आवासीय कॉलोनी अधिग्रहण की जद में है। कॉलोनी वासियों ने इस अधिग्रहण और नहरी भूमि के दावे को पूरी तरह से ग़लत बताते हुए, ज़मीन के मौजूदा और कानूनी स्थिति को उजागर किया है।



भिवानी। अधिग्रहण के विरोध में ज्ञापन सौंपने जाते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### कॉलोनी वासियों का यह है दावा

कॉलोनी वासियों का दावा है कि कॉलोनी दशकों से बसी हुई है और पूरी तरह से आवासीय है। इसमें प्राचीन बाबा जहरगिरी मंदिर, लिटिल हार्ट पब्लिक स्कूल, और प्रसिद्ध बंसी लाल पार्क जैसे महत्वपूर्ण स्थान शामिल हैं। उन्होंने कहा कि निवासियों के पास घरों की रजिस्ट्री, इंतकाल, नक्शा, पानी के बिल और बिजली के कनेक्शन जैसे सभी वैध दस्तावेज़ मौजूद हैं। वे जोर देते हैं कि यह एक अनुमोदित कॉलोनी है। कॉलोनी के अधिकांश घरों पर बैंक ऋण लिए गए हैं। निवासियों का तर्क है कि अगर यह ज़मीन वास्तव में अवैध या 'सरकारी नहरी भूमि होती, तो बैंक इन घरों पर ऋण नहीं देते। निवासियों ने ज़िक्र किया है कि रेलवे लाइन से 45 फ़ीट की दूरी पर पहले से ही एक खंभा (पिलर) है और अधिग्रहण की कार्रवाई इस खंभे से लगभग 27.5 फ़ीट और ज़मीन को एक्वायर करने की है।

### महाराजा अग्रसेन पर अमर्यादित टिप्पणी का जताया विरोध

**भिवानी।** क्रांति सेना द्वारा महाराजा अग्रसेन के प्रति की गई अमर्यादित और अपमानजनक टिप्पणी को लेकर देशभर के अग्रवाल समाज में भारी आक्रोश है। इसी कड़ी में श्री अग्रवाल सभा रजि. भिवानी ने इस बयान की घोर निंदा करते हुए इसे एक तुच्छ श्रेणी का और सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए दिया गया बयान बताया तथा भिवानी उपायुक्त के माध्यम से सरकार के नाम ज्ञापन सौंपते हुए टिप्पणी करने वाले के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाने की मांग की। इस मौके पर श्रीअग्रवाल सभा रजि. भिवानी के प्रधान सुनील सर्राफ ने कहा कि महाराजा अग्रसेन समाजवाद और समरसता का प्रतीक है तथा भारत सरकार ने उनके सम्मान में डाक टिकट भी जारी किया है। ऐसे महापुरुष के प्रति ऐसी टिप्पणी को समस्त अग्रवाल समाज अपने पूरे समाज का अपमान है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से कठोर मांग की है कि टिप्पणी करने वाले पर दर्ज एफआईआर पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की मांग की।

- अग्रवाल समाज ने केंद्र सरकार के नाम ज्ञापन सौंपकर अमित बघेल की कानूनी कार्रवाई की मांग

महाराजा अग्रसेन जैसे महापुरूषों के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी सर्व समाज का है अपमान : सर्राफ



भिवानी। कार्रवाई की मांग को लेकर मांगपत्र सौंपते हुए।



भिवानी। मांगों को लेकर आंदोलन की रणनीति तय करते कर्मचारी।

## ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

**खास बातें**

- प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन की बैठक आयोजित
- तकनीकी कर्मचारियों के लिए भी क्लर्कियल कर्मचारियों की तरह ऑनलाइन तबादला नीति की जा रही है लागू

सरकार द्वारा बिजली विभाग के तकनीकी कर्मचारियों के लिए क्लर्कों की तर्ज पर ऑनलाइन तबादला नीति लागू करने के प्रयास के विरोध में ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन के कर्मचारी 26 नवंबर को पंचकुला में बड़ा प्रदर्शन करेंगे। इस विरोध प्रदर्शन की तैयारियों के लिए भिवानी सर्कल में वीरवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विरोध की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया और टीमों का गठन किया गया।भिवानी के सर्कल कार्यालय पर हुई इस बैठक की अध्यक्षता सर्कल सचिव अशोक गोयत ने की, जबकि संचालन राजेश दुल्हेड़ी ने किया। मीटिंग में राज्य कमेटी के ऑडिटर धर्मबीर सिंह भाटी, उपप्रधान राजेश सांगवान, राज्य सचिव लोकेश, राज्य कमेटी सदस्य चांदराम और विजय जांगड़ा समेत तीनों यूनिटों के प्रधान रविंद्र यादव, सुरेश हरटिया, और सतेंद्र सांगवान ने भाग लिया। संयुक्त बयान में यूनियन के नेताओं ने सरकार के उस फैसले पर कड़ा विरोध जताया, जिसके तहत बिजली विभाग जैसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण विभाग में तकनीकी कर्मचारियों के लिए भी क्लर्कियल कर्मचारियों की तरह ऑनलाइन तबादला नीति लागू की जा रही है।

## एसडीएम महेश कुमार ने समाधान शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में वीरवार को डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में समाधान शिविर आयोजित हुआ। समाधान शिविर में एसडीएम महेश कुमार ने नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि जिला व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं समाधान शिविरों की समीक्षा करते हैं। अगर किसी नागरिक को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने में कोई समस्या आती है तो वे इन समाधान शिविर में पहुंच कर अपनी समस्या रख सकते हैं।

नागरिकों की शिकायतों पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाती है। एसडीएम के समक्ष समाधान शिविर में राजीव कॉलोनी निवासियों ने ठप सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करवाने, सेक्टर-23 के निवासियों ने सफाई कर्मचारी नियुक्त करवाने, पालुवास निवासी अनिल ने आपसी झगड़े के चलते पुलिस कार्यवाही करवाने, गांव बामला निवासी नरेन्द्र ने पानी की लाइन को ठीक करवाने, पहाड़ी निवासी शकुंतला ने मकान मरम्मत करवाने, मुकेश ने भैंस चोरी होने पर पुलिस कार्यवाही बारे, चांग निवासी सतेन्द्र ने गली से अवैध कब्जा हटवाने, बवानी खेड़ा निवासी अशोक, बडेसरा निवासी रोहतास व रविन्द्र ने खेतों से पानी निकासी करवाने, धर्मपाल ने बुढ़ापा पेंशन बनवाने, बीरसिंह, आशी, शशि रंजन, बिमला, सुनीता, दीपक व शशी ने पीपीपी से संबंधित समस्या रखी। एसडीएम महेश कुमार ने सभी समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का निवारण करने के निर्देश दिए।

#### अफसरों को समस्या निपटाने के निर्देश

डीसी साहिल गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान कर एटीआर पोर्टल पर स्पष्ट रूप से अपडेट करें। समाधान शिविर में तहसीलदार जयबीर सिंह, टीएम भरत पाल, उप जिला शिक्षा अधिकारी शिव कुमार तंवर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अलावा गैर सरकारी सदस्य राम किशन हालुवासिया व सुनील वर्मा नम्बरदार मौजूद थे।

### श्रीश्याम जन्मोत्सव पर तीसरी भव्य निशान यात्रा कल

**भिवानी।** शहर के श्रीश्याम प्रेमियों के लिए एक उत्साहजनक खबर है। श्रीश्याम सेवा परिवार भिवानी द्वारा श्रीश्याम बाबा के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर तीसरी भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक और भव्य आयोजन एक नवंबर शनिवार को होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्याम भक्तों के शामिल होने की उम्मीद है। यह जानकारी देते हुए श्री श्याम सेवा परिवार भिवानी के प्रधान जितेश भारद्वाज ने दी। उन्होंने बताया कि श्रीश्याम बाबा के जन्मोत्सव पर तीसरी भव्य निशान यात्रा का प्रारंभ एक नवंबर को प्रातः 9 बजे डोभी तालाब स्थित गीता भवन से शुरू होगी, जो बिचला बाजार, सराय चौपटा, नया बाजार होते हुए गीता भवन पर ही संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि जो श्रद्धालु निशान यात्रा में शामिल होकर बाबा श्याम को निशान अर्पित करना चाहते हैं।

## मादक पदार्थ बेचने वाले तस्कर को किया फतेहाबाद से गिरफ्तार

### आरोपी जिला पुलिस भिवानी का 5,000 रुपए का इनामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

डीएसपी क्राईम भिवानी श्री अनूप कुमार ने सीआईए स्टाफ-2 भिवानी में मीडिया को जानकारी देते हुए बतलाया कि जिला भिवानी में कुछ आरोपियों के द्वारा जिला हिसार से मादक पदार्थ लाकर बेचने का कार्य किया जा रहा था जो इस नशा तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने के लिए सीआईए स्टाफ-2 भिवानी के इंचार्ज उप निरीक्षक विशेष कुमार की टीम काफी दिनों से प्रयासरत थी।

सीआईए स्टाफ-2 भिवानी की टीम ने जिला फतेहाबाद से एक नशा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की थी। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान अजय पुत्र मक्खन निवासी ढाणी पीरावाली जिला हिसार के रूप में हुई है। 14 जुलाई को आरोपी सौरव व मोनू को गिरफ्तार किया गया था जिससे पुलिस टीम ने 7. 82 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामद की गई थी जो आरोपियों ने पूछताछ में बताया था कि यह मादक पदार्थ अजय निवासी ढाणी पीरावाली से खरीद कर लाए थे।

#### 15.82 ग्राम मादक हेरोइन बरामद



पुलिस ने आरोपी को तोशाम से गिरफ्तार किया गया था जिससे पुलिस टीम के द्वारा 15.82 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामद की गई थी जो आरोपी ने बताया कि यह मादक पदार्थ अजय निवासी ढाणी पीरावाली से खरीद कर लाया था। एक अन्य मामले में स्पेशल स्टाफ ईशरवाल की टीम ने बवानी खेड़ा से एक आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी से मादक पदार्थ हेरोइन बरामद की गई थी। जो आरोपी ने बतलाया कि यह मादक पदार्थ अजय निवासी ढाणी पीरावाली से खरीद कर लाया था। आरोपी अजय जिला भिवानी का 5,000/- रुपए का इनामी अपराधी था। आरोपी पर जिला हिसार में एनडीपीएस एक्ट के तहत एक अभियोग दर्ज है वहीं जिला सिरसा में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत एक अभियोग दर्ज है आरोपी अजय पर जिला भिवानी में थाना तोशाम में एनडीपीएस एक्ट के तहत दो अभियोग व थाना बवानी खेड़ा में दर्ज एनडीपीएस के एक अभियोग में आरोपी वांछित था।

## विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों व साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

सीबीएस स्कूल में ट्रैफिक डीएसपी दिनेश यादव व एएसआई नागेश के नेतृत्व में टीम ने बच्चों को ट्रैफिक व साइबर सिक्योरिटी के बारे में जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों व साइबर अपराध से बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी देना था।

ट्रैफिक डीएसपी दिनेश यादव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है और हमें इसके लिए जागरूक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने बच्चों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने और सड़क पर सावधानी से चलने की सलाह दी। यादव ने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध एक बड़ी समस्या है और हमें इसके लिए सतर्क रहने की आवश्यकता है।





भिवानी। बच्चों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते।

## डीसी ने तोशाम का दौरा कर विकास कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

डीसी साहिल गुप्ता ने वीरवार को कस्बा तोशाम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ कस्बा तोशाम के साथ-साथ पूरे तोशाम विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट हरि सिंह सांगवान ने तोशाम में विकास कार्यों के साथ-साथ अन्य समस्याओं से अवगत करवाया और उनके जल्द समाधान की मांग की। डीसी गुप्ता ने स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के निर्माण के लिए चौधरी सुरेंद्र सिंह स्टेडियम परिसर, अत्याधुनिक लाइब्रेरी के लिए पुराना तहसील परिसर, सिंचाई विभाग के रेस्ट हाउस के लिए पुराना अस्पताल परिसर की जगह का जायजा लिया। उन्होंने आरोही स्कूल के पास फिरनी के पड़े अधूरे कार्य को पूरा करवाने के लिए भी मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए की उपयुक्त स्थानों का चयन किया जाए ताकि निर्माण के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत ना आए और बेहतर से बेहतर सुविधाओं से सुसज्जित भवन बन सकें। वहीं दूसरी ओर डीसी ने खानक का दौरा किया। उपमंडल परिसर में एसडीएम रवि मीणा के कार्यालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक के दौरान एडवोकेट हरि सिंह सांगवान ने तोशाम क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए डीसी को बताया कि भिवानी से तोशाम रोड पर वाहनों की बहुत अधिक संख्या होती है, ऐसे में इस रोड को फोरलेन किया जाए।



तोशाम। विकास कार्यो का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## स्किल डेवलपमेंट मिशन का उद्देश्य उद्योग में स्किल गेप दूर करना है: एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में हरियाणा स्किल डेवलपमेंट मिशन के तहत समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। एडीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्किल डेवलपमेंट का उद्देश्य उद्योगों में स्किल गेप को दूर करना है।

बैठक में एडीसी ने प्रतिनिधि हरियाणा स्किल डेवेलपमेंट मिशन को निर्देश दिए कि वे उद्योगों द्वारा बताये गये स्किल गेप को दूर किया किया जाए। आईटीआई को निर्देश दिये कि समय समय पर विद्यार्थियों के उद्योगों में औद्योगिक विजिट सुनिश्चित की जाये। जिला भिवानी उद्योगसंघ के प्रधान शैलेन्द्र जैन, प्रधान भिवानी सर्जिकल एसोसिएशन प्रहलाद बंसल, अनूप तवर प्रतिनिधि जीबीटीएल ने अपने-अपने उद्योगों से संबंधित होने वाली स्किल ट्रेडस की विस्तार से जानकारी दी व स्किल गेप को दूर करवाने बारे अवगत करवाया, जिसमें मशीनिस्ट, टरनर, सीएनसी ऑपरेटर, ऑटो कोनर, बुनाई इत्यादि विभिन्न ट्रेडस शामिल हैं। इस बैठक में उप निदेशक जिला एमएसएमइ केन्द्र नीलिमा, उप निदेशक जिला उद्योग केन्द्र, प्रतिनिधि संजीत कौर, आईटीआई प्रतिनिधि, शैलेन्द्र जैन, प्रधान, जिला भिवानी उद्योग संध आदि रहे।

### राजकीय विद्यालयों के बच्चे शरीर से हष्ट-पुष्ट व दिमाग से होंगे मजबूत

# सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को मिलेगी इन्सटेंट खीर

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶ बवानीखेड़ा

प्रदेश के शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय विद्यालय में विद्यार्थियों की शिक्षा प्रणाली को सुधारने के साथ-साथ खान-पान पर भी विशेष ध्यान देता है और हर प्रकार की योजना में विभाग को सफलता हासिल होती है। विद्यालय में बाल-वाटिका तृतीय से आठवी कक्षा के विद्यालयों के पोषण की स्थिति को सुधारने के लिए सप्ताह में एक दिन खीर व एक दिन पिन्नी वितरित करने के लिए उच्चाधिकारियों द्वारा आदेश किए हैं।



बवानीखेड़ा। इन्सटेंट खीर का फाइल फोटो।

#### अक्तूबर में कुछ इस प्रकार था मीनू

कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य आनंद शर्मा, प्राचार्या संतोष भाकर ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा अक्तूबर माह में अलग-अलग सप्ताह में राजमा चावल, कड़ी पकोड़ा व चावल गुड़ रोटी व दही, पोष्टिक मिलैट पराठा व दही, पोष्टिक सोया खिचड़ी, मीठा दलिया, चावल सफेद चना, पौष्टिक चना दाल खिचड़ी पौष्टिक मिस्सी पराठा, सहित अन्य आहार वितरित करने के आदेश दिए थे जिसे सभी विद्यालयों में अमलीजामा पहनाते हुए बच्चों को आहार दिए गए। मौजूदा खीर व पिन्नी का पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

#### खीर व पिन्नी के लिए हुआ एग्रीमेंट

बताया जाता है कि शिक्षा विभाग द्वारा हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन पंचकूला के साथ एक वर्ष का एग्रीमेंट हुआ है। बच्चों को पिन्नी व खीर वितरित की जाएगी, पिन्नी उसी दिन वितरित की जाएगी, जिस दिन आयरन फालिक एसिड टेबलेट दी जाएगी। पिन्नी व खीर से जहां विद्यार्थियों की शरीर मजबूत होगा व मानिसक स्थिति भी मजबूत होगी और विद्यार्थियों का इसको लाभ मिलेगा। विभाग ने यह एक बेहतरीन योजना लागू की है। इससे बच्चों के शरीर का विकास हो सकेगा।

#### विभाग की सोच सराहनीय

जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया ने बताया कि शिक्षा विभाग का हर निर्णय विद्यार्थियों के हित में होता है। विभाग ने पहले भी प्रोटीन चॉकलेट जारी की थी जिससे विद्यालय स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों में वितरित करवाया गया। प्रोटीन चॉकलेट से बच्चों की भूख बढ़ेगी। साथ ही उनमें शरीर के सभी तत्वों की पूर्ति हो सकेगी। इसी तररह खीर व पिन्नी भी विद्यार्थियों के लिए फायदेमंद साबित होंगी। उन्होंने विभाग के इस कदम की सराहना की।

रोचक / शिखर चंद जैन

# बच्चों के मन को भाती प्यारी-अनोखी डॉल्स

बच्चो, तुम सभी को डॉल्स यानी गुड़ियों से खेलने में बहुत मजा आता होगा, है न! तुम ही नहीं दुनिया के अनेक देशों में रहने वाले बच्चे भी डॉल्स के संग खेलना पसंद करते हैं। जानो, देश-दुनिया में फेमस कुछ प्यारी-अनोखी डॉल्स के बारे में।

### अमेरिका की बार्बी डॉल्स

बार्बी डॉल को अमेरिका की बिजनेस वूमेन रूथ हैंडलर ने 1959 में तैयार किया था। पहली बार्बी डॉल ने चमकीले लाल होंठों के साथ एक स्मार्ट काले और सफेद धारीदार छोटी पोशाक पहनी थी, जो हॉलीवुड एक्ट्रेस मर्लिन मुनरो से प्रेरित थी। धीरे-धीरे बार्बी डॉल्स लोगों, खासकर बच्चों के बीच लोकप्रिय होने लगी। आज बार्बी डॉल केवल अमेरिका ही नहीं दुनिया भर के अनेक देशों में सबसे अधिक पसंद की जाने वाली डॉल मानी जाती है। *





### कर्नाटक की चन्नापटना डॉल्स



चन्नापटना खिलौने, लकड़ी से बनने वाले खिलौने और गुड़िया का एक विशेष रूप है, जो कर्नाटक के रामनगर जिले के चन्नापटना शहर में निर्मित किए जाते हैं। चन्नापटना को गोम्बेगाला ऊरू यानी खिलौनों के शहर के नाम से भी जाना जाता है। इन लकड़ी के खिलौनों को चन्नापटना में लाने का श्रेय मैसूर के शासक टीपू सुल्तान को दिया जाता है। उन्होंने स्थानीय कलाकारों को लकड़ी के खिलौने बनाने का प्रशिक्षण देने के लिए फारस से कलाकारों को आमंत्रित किया था, जिससे इस उद्योग को स्थानीय स्तर पर फलने-फूलने में मदद मिली। चन्नापटना खिलौने पूरी तरह रसायन मुक्त यानी केमिकल फ्री होते हैं। इन्हें सब्जियों और पौधों से निकाले गए जैविक रंगों और प्राकृतिक रंगों से रंगा जाता है। आजकल इन्हें बनाने में चंदन और आम की लकड़ी का उपयोग किया जाता है। इनका आकार अधिकतर गोल और कुंद किनारों वाले घनाकार होता है, इसलिए ये बच्चों के लिए पूरी तरह सुरक्षित हैं। चन्नापटना ट्वॉयज को जीआई टैग प्राप्त है। *

### जापान की दारुमा डॉल्स

**दारुमा, एक** पारंपरिक गोल, खोखली डॉल है। यह लचीलेपन, सौभाग्य और आध्यात्मिक एकाग्रता का प्रतीक है। आमतौर पर इनका रंग लाल होता है, लेकिन इसके डिजाइन अलग-अलग होते हैं। इसकी खासियत यह है कि इसकी आंखों में पुतलियां (प्यूपिल्स) नहीं होतीं। लोग इस डॉल से अपनी विश मांगते हैं, जब उनकी विश पूरी हो जाती है तो वे इसकी आंखों में कलर भरते हैं और इसकी पुतलियां बनाते हैं। यह डॉल सफलता तक हार न मानने के लिए प्रचलित एक जापानी मुहावरे 'सात बार गिरती है, आठ बार उठती है' का प्रतीक है। इस डॉल को अगर तुम गिराओगे, तो यह गिरने के बाद फिर से सीधी खड़ी हो जाती है। जापान में नए साल की शुरुआत में लोग दारुमा डॉल्स खरीदते हैं। इसकी एक पुतली पर रंग भरते हुए अपनी कोई इच्छा (विश) मांगते हैं। जब वह इच्छा पूरी हो जाती है, तो गुड़िया की दूसरी पुतली पर भी रंग भर दिया जाता है। इस डॉल को जापान में 'लकी चार्म' माना जाता है। *

### आंध्र प्रदेश की कोंडापल्ली डॉल्स



**कोंडापल्ली खिलौने** या कोंडापल्ली डॉल्स का इतिहास बड़ा ही दिलचस्प है। 16वीं शताब्दी में जब आर्य क्षत्रियों का समुदाय राजस्थान से कोंडापल्ली आया था तो वे अपने साथ खिलौने बनाने की कला भी लाए। पौराणिक मान्यता है कि उन्हें इसे बनाने का कौशल भगवान शिव ने सिखाया था। मंदिरों में इन खिलौनों को कोंडापल्ली बमालु कहा जाता है। ये खिलौने ग्रामीण भारत और हिंदू देवताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये खिलौने टेला पोनिकी (सफेद चंदन की लकड़ी) के बने होते हैं। कोंडापल्ली गुड़िया या खिलौने को बड़ी खूबसूरती से तराशा और रंगा जाता है। अंतिम चरण में इसे अलसी के तेल में डाला जाता है, जिससे यह पानी से खराब नहीं होती। कोंडापल्ली डॉल के एक सेट में 24 डॉल्स मौजूद होती हैं। ये डॉल्स ग्रामीण समाज के विभिन्न वर्गों, जैसे- मछुआरे, पुजारी, जनजातीय लोग, किसान, संगीतकार आदि का चित्रण करती हैं। कई बार इन डॉल्स को कुछ इस तरह बनाया जाता है कि इसके टुकड़े जैसे- शरीर, सिर, कान, सूंड़ और पूंछ आदि अलग-अलग बने होते हैं और फिर उन्हें सोने के तार से जोड़ा जाता है। कोंडापल्ली डॉल्स, आंध्र प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हैं। कोंडापल्ली डॉल्स आंध्र प्रदेश के जीआई टैग हस्तशिल्प के रूप में भी पंजीकृत हैं। *

बच्चो, हनी बेजर इतना बुद्धिमान, बेखौफ और जुझारू एनिमल है कि जंगल का राजा शेर भी आमतौर पर इससे नहीं टकराता! आकार में छोटे, लेकिन साहस, बुद्धि और ताकत से भरपूर इस अनोखे जंतु के बारे में जानो कुछ अमेजिंग-इंटरेस्टिंग बातें।

# बुद्धिमान-साहसी-निडर हनी बेजर

अनोखा जंतु

रेखा शाह आरबी



बच्चो, जंगल में एक से एक आक्रामक, शिकारी और जहरीले जीव-जंतु निवास करते हैं। जंगलों में ही पाया जाने वाला हनी बेजर कई सारी खूबियों से युक्त एक लड़ाका (फाइटर) और बेखौफ जानवर है।

**नहीं डरता किसी से:** हनी बेजर एक निडर शिकारी जानवर है। जंगल का कोई भी जानवर, चाहे वो कितना भी विशाल, शक्तिशाली या जहरीला क्यों न हो, अगर इससे टकराए, तो यह पलटकर जोरदार वार करता है। यह इतना शक्तिशाली होता है कि कछुए के मजबूत खोल को अपने जबड़े से चीर-फाड़ देता है। यह अपनी मोटी खाल, नुकीले दांत और शक्तिशाली लंबे पंजे के बल पर अपने दुश्मनों को तगड़ी चुनौती देने की ताकत रखता है। आमतौर पर शेर भी हनी बेजर का शिकार नहीं करता, क्योंकि यह देर तक शेर का सामना करने की हिम्मत और ताकत रखता है।

**निवास-शारीरिक बनावट और जीवन काल:** हनी बेजर का वैज्ञानिक नाम 'मेलिवोरा कैपेंसिस' है। यह भारतीय उपमहाद्वीप से लेकर दक्षिण पश्चिम-एशिया और अफ्रीका में पाया जाता है। भारत में इसे 'बिज्जु' भी कहा जाता है। अपने देश में यह मुख्य रूप से उत्तर भारत के तालाब, नदियों के कगारों पर 25-30 फुट लंबी मांद बनाकर रहता है।

शारीरिक बनावट की बात करें, तो हनी बैजर के शरीर का ऊपरी भाग भूरा, बगल और पेट काला, माथे पर सफेद चौड़ी धारी होती है। इसकी त्वचा बहुत अधिक मोटी (गैंडा, जिराफ, भैंस जैसे जानवरों से भी अधिक मोटी) होती है। इसके पैरों में 5 मजबूत नाखून होते हैं, जो इसे जमीन खोदने में और मांद बनाने में मदद करते हैं। आमतौर पर वयस्क नर हनी बेजर का वजन 9 से 16 किलोग्राम और मादा हनी बेजर का वजन 5 से 10 किलोग्राम होता है। इसकी अनुकूलन क्षमता इसे अलग-अलग और कठोर परिस्थितियों में भी जीवित रहने में सक्षम बनाती है। हनी बेजर लगभग 24 वर्षों तक जीवित रहता है।

हनी बेजर बहुत बुद्धिमान भी होता है। यह शतुरमुर्ग के अंडों को तोड़ने के लिए पत्थरों का इस्तेमाल करता है। यह दीमक के टीलों पर जाकर लकड़ियां ठोकने के लिए भी पत्थर का इस्तेमाल करता है। *

### बुद्धिमान और माहिर शिकारी

हनी बेजर मूल रूप से सांप, बिच्छू, पक्षी, कीड़े, छोटे स्तनधारी, वनस्पति और फल खाता है। हनी बेजर मुश्किल से मुश्किल हालातों में भी भोजन ढूंढ़ने में माहिर होता है। यह दबे हुए शिकार को खोदकर निकाल लेता है। शहद और लार्वा के लिए मधुमक्खियों के छत्ते पर धावा बोल देता है। शिकार कौशल के अलावा यह भागने में भी माहिर होता है। जरूरत पड़ने पर पेड़ों पर चढ़ सकता है। पानी में तैर भी सकता है। मतलब कि यह हर सिचुएशन के हिसाब से अपने आप को ढाल लेता है।

कविता / डॉ. फहीम अहमद

## गौरैया



अच्छी लगती है गौरैया,
चीं-चीं की यह तेरी धुन!
तिनका-तिनका जोड़ सुहाना
नीड़ बना लेती कैसे?
नन्हा-मुन्ना घर बनने में,
लगते नहीं तनिक पैसे।
मुझे सिखा दे यही कला तू
मेरी इतनी विनती सुन!
सूरज के उगने से पहले,
नींद तुम्हारी खुल जाती।
मीठी-मीठी हवा बहे तो,
काया तेरी धुल जाती।
बैठ डाल पर चुपके-चुपके,
नई सुबह के सपने बुन!
यहां-वहां से, कहां-कहां से,
लाती है तू चुन-चुन के।
लाकर रोज खिलाती है तू
बच्चों को दाने-दुनके।
मुझे बहुत अच्छा लगता यह
तेरा मेहनत वाला गुन!

## हंसगुल्ले




**मोनू :** इस बार दिवाली पर मैंने एक रॉकेट छोड़ा तो वो सीधा आकाश से जा टकराया।
**सोनू (हैरानी से) :** अरे! फिर क्या हुआ?
**मोनू :** फिर क्या, आकाश की मम्मी ने मुझे खूब डांटा और मेरी मम्मी से भी मेरी शिकायत कर दी।
**-संभव, रायपुर**

**चिंटू :** अगर आलू किसी की हेल्प करे तो उसे क्या कहेंगे?
**मिंटू :** क्या कहेंगे?
**चिंटू :** दयालु।
**-पलक, बिलासपुर**

**सोनू :** ऐसी कौन-सी चाय है, जिसे पीने के बाद बहुत बुरा लगता है?
**मोनू (देर तक सोचने के बाद) :** मुझे नहीं पता, तुम बता दो।
**सोनू :** गिल्टी।
**-कोमल, दुर्ग**

## जीके क्विज-177

1. किस विश्वप्रसिद्ध फुटबॉलर को साल 2025 का गोल्डन बूट अवार्ड मिला?
2. हाल ही में कहां दीपावली के अवसर पर 26 लाख से भी अधिक दीये जलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया?
3. सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को किस दिवस के रूप में मनाते हैं?
4. पिछले दिनों किस तिथि को संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया गया?
5. विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेला किस राज्य में आयोजित होता है?
6. कौन-सा जीवाणु (बैक्टीरिया) दूध को दही में बदल देता है?
7. स्वतंत्र भारत के प्रथम रेल मंत्री कौन बने थे?
8. टेलीस्कोप (दूरबीन) की खोज किसने की थी?
9. विक्टोरिया मेमोरियल भारत के किस शहर में स्थित है?
10. प्रसिद्ध हिंदी उपन्यास 'गोदान' के लेखक कौन हैं?



बच्चों, जीके क्विज-177 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-176 का उत्तर :** 1.मारिया कोरिना मचाडो, 2.ज्ञानेश कुमार, 3.संयुक्त राज्य अमेरिका, 4.न्यूटन, 5.शतरंज, 6.विटामिन ए, 7.दुग्ध उत्पादन, 8.इंदिरा प्वॉइंट, 9.अरुणाचल प्रदेश, 10.लैक्टोमीटर

**जीके क्विज-176 का सही उत्तर देने वाले :** तनिष्क-राजनांदगांव, कबीर-हिसार, आद्या-उमरिया, अविनाश-ईमेल से, रमेश-बैकुंठपुर, रजनी-बलरामपुर, श्रद्धा-ईमेल से, कुसुम-बेमेतरा, प्रियांक-बलौदा बाजार, सोहम-कांकेर



कहानी

क्षमा शर्मा

नन्हे अंतरिक्ष ने इतनी जोरों से किक मारी कि उसकी फुटबॉल ना जाने कहां गायब हो गई। दादाजी ने कहा कि लगता है स्पेसशिप बनकर चांद पर चली गई है। यह सुनकर भोले-भाले अंतरिक्ष ने भी फुटबॉल पर बैठकर स्पेस पर जाने की सोची। स्वयं ही नहीं, घर के और लोगों को भी स्पेस पर ले जाने की सोची। लेकिन अतंरिक्ष की फुटबॉल गई कहां, क्या वह उसे मिली? पढ़ो, बहुत मजेदार कहानी।

# अंतरिक्ष की फुटबॉल



अंतरिक्ष के बड़े से बगीचे में तरह-तरह के गुलाब, लाल-पीले गेंदे और गुड़हल के गुलाबी फूल खिले हुए थे। बगीचे में हरी-हरी घास थी। शाम के समय कभी पापा, कभी बुआ, कभी मम्मा के साथ अंतरिक्ष टेनिस, बैडमिंटन या फुटबॉल खेलता था। टीवी पर फुटबॉल खिलाड़ियों को देख वैसे ही करतब करने की कोशिश करता। वह अकसर अपने दादाजी से बोलता, 'मैं रोनाल्डो बनूंगा, ऐसे गोल मारूंगा।' कहकर वह अपनी फुटबॉल की तरफ दौड़ता और जोर से किक जमाता। फुटबॉल कभी ऊपर टेरेस पर गिरती, कभी नीम के पेड़ में उलझ जाती। एक रात जब आसमान में पूरा चांद उगा था, अंतरिक्ष ने खेल-खेल में फुटबॉल उछाली, तो वह कहीं अटक गई। उसने फुटबॉल खोजने की कोशिश की लेकिन नहीं मिली।

'कहां गई?' अंतरिक्ष ने मम्मा से पूछा। वह बोलीं, 'कहां गई होगी, बाहर चली गई होगी। अब सवेरे जाकर खोजना।'

बुआ ने कहा, 'क्या पता आसमान में जो एक बड़ा पक्षी उड़ता हुआ दिख रहा था, वही उसे अपनी चोंच में दबाकर उड़ गया हो।'

दादाजी बोले, 'अरे वो पक्षी नहीं, वो जो तीन खरगोश बगीचे में घूमते हैं, हो सकता है, उनमें से कोई उसे मुंह में दबाकर भाग गया हो। अपने बच्चों और दोस्तों के साथ खेल रहा हो।' पापा ने बहुत अलग बात कही, 'मुझे तो लगता है, इसकी फुटबॉल स्पेसशिप बनकर चांद पर चली गई है।'

'स्पेसशिप..!' अंतरिक्ष मुस्कराया फिर कुछ सोचता हुआ बोला, 'अगर मैं उस पर बैठा होता तो मैं भी चांद पर चला जाता।' उसकी बात सुन पापा हंसे। 'ठीक है, मैं अपनी दूसरी फुटबॉल लाता हूं। वह भी स्पेसशिप बन जाएगी। मैं दादाजी के साथ उस पर बैठकर चांद पर जाऊंगा।' अतंरिक्ष ने चहकते हुए कहा। 'फिर वहां क्या करोगे?' पापा ने पूछा। 'दादाजी से मैथ्स पढ़ूंगा। होमवर्क भी कर लूंगा। सुना है चांद पर आइसक्रीम के पहाड़ हैं। खूब आइसक्रीम भी खाऊंगा। आपके लिए भी ले आऊंगा।' अंतरिक्ष ने मजे से जवाब दिया। 'और जब नींद आएगी तो..?' दादी ने पूछा। 'नींद आएगी तो सो जाऊंगा।' अंतरिक्ष ने झट से जवाब दिया। 'मगर कैसे सोओगे। तुम्हें तो तब तक नींद ही नहीं आती, जब तक अपने बिस्तर पर न सोओ। और मम्मा तुम्हें कोई कहानी न सुनाए।' दादी बोलीं। अंतरिक्ष तुरंत बोला, 'वहां मेरे दादाजी होंगे न। वो कहानी सुना देंगे।' अंतरिक्ष एक पल रुककर यह भी बोला, 'मेरे साथ मम्मा, पापा, दादी, मेरी बुआ सब साथ चलेंगे। पूरी छुट्टियां हम वहीं रहेंगे।' 'जितना बड़ा तू, उससे छोटी तेरी फुटबॉल। उसमें बैठकर कौन-कौन जाएगा? उसके लिए तो असली वाला स्पेसशिप लाना पड़ेगा। लेकिन कहां मिलेगा स्पेसशिप?' दादाजी ने पूछा।

'पापा दिलवा देंगे मुझे। मैं उसे चलाना भी सीख लूंगा।' अंतरिक्ष बोला। तभी बगीचे में खड़-खड़ सुनाई दी। देखा कि एक खरगोश गमले में लगी गोभी को खाने के लिए चढ़ा था। उसने दूसरा गमला गिरा दिया। गमला टूट गया था। सारी मिट्टी बिखर गई। 'दादाजी खरगोश!' अंतरिक्ष चिल्लाया। दादाजी बाहर आए और जोर-जोर से खरगोश को डांटते हुए पूछने लगे, 'क्यों भई, अंतरिक्ष की फुटबॉल कहां छिपाकर आए हो? जल्दी वापस लाओ। तुम्हें मालूम नहीं, उसे अपनी फुटबॉल से स्पेसशिप बनाना है और चांद पर जाना है।' कहते हुए दादाजी खरगोश की तरफ बढ़े, तो वह भागकर गमले के पीछे छिप गया और मौका पाते ही गायब हो गया। दादाजी बोले, 'देखो तुम्हारी फुटबॉल लेने गया है। अभी दे जाएगा।' 'लेकिन वह तो चांद पर चली गई।' अंतरिक्ष ने अपनी गोल गोल आंखें घुमाईं। 'क्या पता न गई हो। इसके पास हो। नहीं लाया, तो हो सकता है, जो तुम कह रहे हो वही ठीक हो।' दादाजी को अंतरिक्ष से फुटबॉल की बातें करते बहुत मजा आ रहा था। 'अंतरिक्ष आकर दूध पियो। सोने का समय हो गया। सवेरे टेनिस खेलने जाना है।' मम्मा कह रही थीं।

पापा उसके लिए दूध ले आए। अपने कमरे की तरफ बढ़ते हुए अंतरिक्ष रह-रह कर चांद को देख रहा था। उसे लग रहा था कि गोल चांद ही कहीं उसकी फुटबॉल तो नहीं। वह सोते वक्त बार-बार मम्मा से यही पूछ रहा था, 'अगर फुटबॉल चांद बन गई है, तो वह पीली कैसे हो गई? वह तो लाल थी और इतनी चमक क्यों रही है?' अंतरिक्ष के सोने के बाद दादाजी बाहर गए तो पड़ोस की सिंधु आंटी पेड़ों के बीच से झांकती हुई बोलीं, 'अरे, यह अंतरिक्ष की फुटबॉल हमारे ड्रम में आकर गिर गई थी। अभी पानी निकालने लगे तो दिखाई दी।' पापा ने उसे अंतरिक्ष की कुर्सी पर रख दिया। दादी बोलीं, 'सबेरे उठेगा तो पूछेगा कहां से आई?' 'कह देंगे कि चांद आकर दे गया। कह गया है कि एक रात वह अंतरिक्ष को खुद आकर ले जाएगा।' बुआ ने हंसते हुए धीरे से कहा। रात बहुत हो गई थी। अंतरिक्ष भी मीठे सपनों में खोया था। वह हाथ-पांव फेंक रहा था, जैसे कि फुटबॉल के पीछे दौड़ रहा हो। *

कविता

सूर्यकुमार पांडेय




## हम अच्छे इंसान बनें

बनना है तो चांद बनें,
शीतलता बिखरा दें हम ।
बनना है तो पवन बनें,
घर-घर मस्ती ला दें हम।
बनना है तो धूप बनें,
सबमें गरमाहट भर दें।
बनना है तो मेघ बनें,
धरती पर बारिश कर दें।
बनना है तो फूल बनें,
सभी ओर खुशबू बिखरे।
बनना है तो रूप बनें,
जो हर रोज नया निखरे।
अगर चाहते हैं दुनिया में,
हम भी बड़े-महान बनें।
उसकी पहली शर्त यही है,
हम अच्छे इंसान बनें।

## रंग भरो-188

**रंग भरो-188** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**मयंक, गुना**



तमन्ना, कोरबा



ईशान, ईमेल से



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



आस्तिका, चांपा



आन्या, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

अनिकेत-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, राजन-भोपाल, कोमल-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, कुसुम-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, सोहम-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, राकेश-बालोद, साकेत-हिसार

## रंग भरो 189



बच्चो, यहां एक लड़के और जिराफ का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### बच्चों ने तम्बाकू निषेध जागरूकता रैली निकाली

**महेंद्रगढ़।** उमण्डल के गांव मांडोला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों द्वारा तम्बाकू निषेध जागरूकता रैली निकाली गई। प्रवक्ता सुरेश कुमार खिंची ने बताया कि तम्बाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। एक स्वस्थ समाज के लिए मादक पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए। इस पर कविता पाठन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित करवाई गई। विद्यालय प्रभारी सुकेश देवी ने कहा की किसी भी प्रकार का तम्बाकू सेवन हमारे स्वास्थ्य के लिये बहुत हानिकारक है। इस अवसर पर कृष्ण कुमार गणित प्रवक्ता, रोशनलाल, पुष्पा रानी, संजय यादव, कृष्ण डीपीई आदि रहे।

### रोडवेज बस ने मोपेड को मारी टक्कर, बच्चे की मौत

**नारनौल।** नसीबपुर में जेल के पास मोपेड सवार बच्चे को रोडवेज बस ड्राइवर ने कुचल दिया। इससे करीब 12 साल के बच्चे की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को रोड से उठाकर नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। मृतक बच्चे का शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम होगा। जानकारी के मुताबिक गांव नांगतिहाड़ी निवासी करीब 12 वर्षीय आशीष वीरवार शाम को करीब पांच बजे किसी अन्य युवक के साथ मोपेड पर सवार होकर गांव नसीबपुर में जेल के सामने बने पेट्रोल पंप पर तेल डलवाने के लिए आया था। आशीष मोपेड पर पीछे बैठा हुआ था, जबकि अन्य युवक मोपेड चला रहा था। इस दौरान एक तेज रफ्तार रोडवेज ड्राइवर ने मोपेड को टक्कर मार दी टक्कर लगने से आशीष सड़क पर गिर गया, जबकि दूसरा लड़का सड़क से दूर जाकर गिरा।

### पटेल जयंती पर रन रन फॉर यूनिटी आज

**नारनौल।** राष्ट्रीय एकता के महान प्रतीक व आधुनिक भारत के निर्माता लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आईटीआई में आज जिला स्तर पर रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन किया जाएगा। महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उपायुक्तने बताया कि जिला प्रशासन ने इस गौरवशाली कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह दौड़ आईटीआई से शुरू होकर महावीर चौक, हीरो होंडा चौक तथा निजामपुर रोड से होते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में समाप्त होगी।

## मांगें नहीं मानी तो आंदोलन की राह पर उतरेंगे शिक्षा बोर्ड कर्मचारी

# उत्तरपुस्तिका मुद्रण प्रणाली के विरोध में किया रोष-प्रदर्शन

उत्तरपुस्तिका मुद्रण का कार्य गोपनीय सैल को हस्तांतरित करने पर है नाराजगी


**भिवानी।** शिक्षा बोर्ड में आयोजित धरने को संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के कर्मचारी संगठन-1016 संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने वीरवार को लगातार दूसरे दिन भी स्थानीय शिक्षा बोर्ड परिसर में द्वार सभा का आयोजन किया। इस द्वार सभा की अध्यक्षता प्रधान सत्यवीर सिंह स्वामी ने की तथा मंच का संचालन महासचिव सोमवीर सिंह पूनिया ने किया। द्वार सभा में महासचिव ने बोर्ड प्रशासन द्वारा की जा रही मनमानियों को लेकर विरोध जताया। उन्होंने कहा कि बोर्ड प्रशासन द्वारा किसी बैठक में चर्चा किए बगैर उत्तरपुस्तिका मुद्रण का कार्य गोपनीय सैल को हस्तांतरित करने में जो तीव्रता दिखाई है, उससे बोर्ड के सभी कर्मचारी-अधिकारियों में रोष है।

### पदोन्नति न करने के मसले को भी उठाया

मंच के माध्यम से अन्य संगठन नेताओं द्वारा बोर्ड में खाली पड़े पदों पर पदोन्नति न करने के मसले को भी उठाया। संगठन सचिव अशोक लांबा द्वारा चेताया गया कि यदि प्रशासन शीघ्र संज्ञान लेते हुए उत्तरपुस्तिका मुद्रण को लेकर लिए गए इस फैसले को वापिस नहीं लेता है तो संगठन इसको लेकर बड़े स्तर पर विरोध करेगा। इस मौके पर प्रधान सत्यवीर स्वामी ने कहा कि केंद्र सरकार मॉडल संस्कृति व पीएम श्री योजनाओं के नाम पर हरियाणा बोर्ड से संबद्धता प्राप्त विभिन्न राजकीय विद्यालयों को सीबीएसई बोर्ड से संबद्धता प्रदान किए जाने की जो कारगुजारियां की जा रही है, उसको लेकर भी बोर्ड के समस्त कर्मचारियों में काफी गुस्सा है।

### यह है कर्मचारियों का आरोप

शिक्षा बोर्ड व उसके कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। जिसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि बोर्ड प्रशासन संगठन द्वारा उठाई गई विभिन्न मांगों को लेकर सकारात्मक संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्यवाही नहीं करता है तो आने वाले समय में बोर्ड का एक-एक कर्मचारी आंदोलन की राह पर होगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी बोर्ड प्रशासन की होगी। इस अवसर पर वरिष्ठ उप-प्रधान देवेन्द्र श्योराण, जोगेंद्र, भारतदीप, अशोक लांबा, अशोक पिलानिया, संदीप शर्मा, संदीप जांगड़ा, अरूण, अमनदीप, अनूप खेदड़, सत्येन्द्र व कुलदीप इत्यादि सहित बोर्ड कार्यालय के सभी कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीने के पानी की समस्या को लेकर किया प्रदर्शन


**तोशाम।** पानी की समस्या को लेकर मांग पत्र सौंपते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

तोशाम व आसपास के गांवो में पीने के पानी की भयंकर समस्या को लेकर जन संघर्ष समिति तोशाम और ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने जलघर तोशाम में गुरुवार को सांकेतिक धरना दिया। धरने की अध्यक्षता निरंजन शर्मा ने की व जल संसाधन मंत्री हरियाणा सरकार चंडीगढ़ के नाम अधीक्षक अभियंता के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें मुख्य रूप मांग रखी कि पेयजल की सप्लाई प्रतिदिन दी जानी चाहिए। इस मौके पर धरने को संबोधित करते हुए संगठन के जिला सचिव बस्तीराम और जिला प्रधान रोहतास सिंह ने बताया कि 2 महीने से तोशाम और आसपास के गांवो में 30 दिन में केवल तीन दिन पानी दिया जा रहा है जबकि पीने के पानी की प्रतिदिन जरूरत पड़ती है। उन्होंने बताया कि डिग्गी में नहरी पानी की सप्लाई बाधित होने पर ट्यूबवेल से पानी की पूर्ति की जाती है व अधिकारियों की लापरवाही के कारण सप्लाई नहीं हो रही है। जिसके कारण आम जनता को काफी परेशानी उठानी पड़ती है व दूषित पानी पीने को मजबूर है। जिससे काफी लोग बीमारी के शिकार हो रहे हैं।


जेसीआई एल्युमनी कल्ब के पदाधिकारी व सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## पंकज गोयल बने जेसीआई एल्यूमनी क्लब के चेयरमैन

*सामाजिक कार्यों में सक्रिय जेसीआई सदस्यों को मिली आजीवन सदस्यता की नई राह, क्लब होगा मजबूत*

**जोन चेयरमैन ने नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जेसीआई के पूर्व सदस्यों के लिए भिवानी में महत्वपूर्ण पहल की गई है। जेसीआई के 18 से 40 वर्ष की आयु सीमा के सदस्यों को आजीवन संस्था से जोड़े रखने के उद्देश्य से निजी रेस्तरां में जेसीआई एल्यूमनी क्लब की स्थापना की गई। जेसीआई पिछले कई वर्षों से शहर में अपने उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए जानी जाती है और यह नया क्लब उन पूर्व सदस्यों को एक मंच प्रदान करेगा जो अपनी सामाजिक भागीदारी को बरकरार रखना चाहते हैं। क्लब की स्थापना के साथ ही भिवानी रीजन के लिए नए पदाधिकारियों ने अपने कार्यकाल की शपथ ली, जिसमें चेयरमैन जेसी पंकज गोयल, सचिव जेसी अमित बंसल व कोषाध्यक्ष जेसी संगीता अग्रवाल को चुना। समारोह में मुख्यतिथि के तौर पर ग्वालियर से पहुंची नेशनल चेयरमैन जेसी अंजली गुप्ता बत्तरा ने पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि जेसीआई में आयु सीमा पूरी होने के बाद भी आप जेएसी (जेसीआई एल्यूमनी क्लब) के सदस्य बनकर समाज में अपनी उपस्थिति और योगदान को बरकरार रख सकते हैं। जोन चेयरमैन जेसी जितेंद्र पाहुजा ने नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं दी और उन्हें क्लब के लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गोहाना रीजन से आईपीजेडसी जेसी नीरज मेहता, जेसी रमन जैन, जेसी नरेश नागपाल और जेसी उमाशंकर सहित अन्य गणमान्य सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जेसी निशा अग्रवाल ने अपने कुशल संचालन से मंच को बखूबी संभाला।

## कप्तान रोहित की टीम ने दो रनों से जीता मैच

- बाबा मुंगीपा विद्यालय में हुआ क्रिकेट का रोमांचक मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

गुरुवार को गांव बुशान के बाबा मुंगीपा विद्यापीठ वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ जिसमें कक्षा छठी से नौवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान कप्तान रोहित की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 77 रनों का पहाड़ जैसा लक्ष्य विपक्षी टीम के सामने खड़ा कर दिया। जिसमें कक्षा आठवीं के छात्र रोहित ने 32 रनों का तथा छात्र नीरज ने 26 रनों का निजी योगदान दिया। इस दौरान कक्षा छठी के कुणाल व नीरज ने अपनी बेहतरीन गेंदबाजी के दौरान तीन-तीन विकेट चटकाए। तत्पश्चात 77 रनों का पीछा करने उतरी कप्तान यश की टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी की लेकिन फिर भी वह निर्धारित 10 ओवर में 75 रन ही बना सके। इस दौरान बल्लेबाज यश व कुणाल ने अपनी टीम के लिए बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 23-23 रन का निजी सहयोग किया। लेकिन इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के पश्चात टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और वह मैच में मात्र दो रन से हार गए।


खिलाड़ियों से परिचय लेते अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

### कुणाल को मैन ऑफ द मैच घोषित किया

इस दौरान बेहतरीन बल्लेबाजी तथा बेहतरीन गेंदबाजी के कारण कुणाल को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। विद्यालय के सीईओ डॉ नरेश कुमार जांगड़ा व विद्यालय प्राचार्य प्रमोद दीक्षित ने विजेताओं को पारितोषिक वितरण किया व विजेता टीम को जीत की बधाई दी। इस मौके पर जयभगवान तायल, सुशील शर्मा, संदीप दहिया, सतविंदर, प्रवीण, अनिल, ईश्वर, सुनील, कृष्ण, पूजा, आयशा, अमित आदि सहित समस्त स्टाफ सदस्य तथा अनेक विद्यार्थी मौजूद थे।

## जिले में दो लाख 83 हजार पशुओं को टीकाकरण का रखा लक्ष्यः डॉ. जाखड़

- टीकाकरण के बाद पशुपालन विभाग की टीमें भारत पशुधन एप पर जानकारी कर रहे अपलोड :

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग के उपमंडलाधिकारी डॉ. राजेश जाखड़ ने महम रोड स्थित श्रीगौशाला ट्रस्ट में पशुपालन विभाग द्वारा किए जा रहे मुंहखुर-गलघोटू टीकाकरण का निरीक्षण किया और दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मुंहखुर-गलघोटू टीके के तापमान की जांच की व कोल्ड चैन का जायजा लिया। डॉ. जाखड़ ने बताया कि भिवानी जिले में दो लाख 83 हजार गाय व भैंसों को मुंहखुर-गलघोटू टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। टीकाकरण अभियान 23 अक्तूबर से शुरू होकर 23 नवंबर तक चलेगा। पशुपालन विभाग की टीम पशु चिकित्सक की देखरेख में घर-घर जाकर टीकाकरण का कार्य कर रही है। विभाग ने अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर टीकाकरण के लिए अलग-अलग टीमें लगाई हुई है। टीकाकरण की जांच कर रहे है, यहां तक कि पंचकुला मुख्यालय से भी टीमें फील्ड में हो रहे टीकाकरण की निगरानी रखे हुए है। टीकाकरण के बाद टीमें भारत पशुधन ऐप पर इस टीकाकरण को ऑनलाईन कर रही है।


गोवंश का टीकाकरण करते चिकित्सक। *फोटो : हरिभूमि*

## नशे से निपटने के लिए सभी विभागों में समन्वय होना बेहद जरूरी: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने कहा कि नशे की समस्या को जड़ से खत्म करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस सामाजिक बुराई से निपटने के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय होना बहुत जरूरी है। सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें। उपायुक्त लघु सचिवालय में जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। बैठक में उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि पंचायत विभाग, शिक्षा विभाग व उच्चतर शिक्षा विभाग की सहायता से जिला में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करें। इसके साथ ही इन कार्यक्रमों में आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग व ड्रग कंट्रोल अधिकारी को निर्देश दिए कि वे नशीली दवाएं बेचने वाले मेडिकल स्टोरों पर कड़ी निगरानी रखें और समय-समय पर नशीली दवाओं के क्रय-विक्रय का डाटा भी चेक करें ताकि नशीली दवाओं की बिक्री पर रोक लगाई जा सके। मेडिकल स्टोर्स की चेकिंग की जाए।


नार्को समन्वय समिति की बैठक में उपायुक्त व पदाधिकारी।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अग्नि सदन प्रथम



प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

चरखी दादरी। एचडी स्कूल बिरोहड़ में सामाजिक अध्ययन एवं सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में अग्नि, अंबर, समीर, और वसुंधरा सदनों के छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अग्नि सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, अंबर सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और वसुंधरा सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर निदेशक बलराज फौगाट ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को सामाजिक अध्ययन और सामान्य ज्ञान के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना था। निदेशक बलराज फौगाट ने इस अवसर पर कहा कि यह प्रतियोगिता छात्रों के लिए एक अच्छा अवसर है।

## कुरुक्षेत्र में सफाई कामगार संघर्ष समिति हरियाणा के बैनर तले होगी महापुकार रैली: सीटू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढडा

नौ नवंबर को मु2यमंत्री आवास कुरुक्षेत्र में सफाई कामगार संघर्ष समिति हरियाणा के बैनर तले होने वाली महापुकार रैली की तैयारियां को लेकर आज वीरवार को कस्बे कि बिजली घर के परिसर में मीटिंग हुई मिटिंग में सीटू जिला सहसंयोजक सुमेर सिंह धारणी व सफाई कर्मचारी ब्लॉक कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार जेवली, ब्लॉक सचिव संजय जीतपुरा ने संबोधित करते हुए कहा कि काम में ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करने, सभी पार्ट टाइम, दैनिक वेतन भोगी, पालिका रोल व ठेकाप्रथा में लगे सभी सफाई व सीवर कर्मचारियो नौकरी पक्का करवाने एवं शोषण, छटनी और पक्की भर्ती करने की मांग को लेकर अब प्रदेश के सभी सरकारी, अर्ध सरकारी, निगम, बोर्ड, कॉरपोरेशन, यूनिवर्सिटी, श्राइन बोर्ड, पंचायत तथा पालिका, परिषदों, नगर निगमो के सीवर व सफाई कर्मचारी एकतावद होने शुरू हो गए हैं।

### यह है कर्मचारियों का आरोप

ऑल सफाई कामगार संघर्ष समिति हरियाणा के बैनर तले नौ नवंबर को होने वाली सफाई कर्मचारियों की महापुकार रैली को सफल बनाने के लिए प्रदेश भर में दर्जनों सफाई कर्मचारी नेताओं की चार टीमें सभी जिलों के कर्मचारियों में जनसंपर्क अभियान चलाकर कुरुक्षेत्र में होने वाली नौनवंबर की महा पुकार रैली का निमंत्रण दे रही हैं। सफाई कर्मी नेताओं ने कहा कि सरकार ने 11 वर्षों में एक भी सफाई कर्मचारी की नियमित भर्ती नहीं की है। उन्होंने कहा कि मु2यमंत्री ने वेतन बढ़ोतरी के नाम पर भी सफाई कर्मचारियों के साथ बड़ा मजाक किया है ने कहा कि मुख्यमंत्री को अपनी घोषणा के अनुसार घोषणा की तिथि से ही एरिया सहित 26 हजार व 27 हजार रुपये वेतन सफाई कर्मचारियों को देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने यह घोषणा इसलिए की थी कि पिछले पांच वर्षों से सफाई कर्मचारियों के वेतन में सरकार ने बढ़ोतरी नहीं की गई थी ।

## विद्यार्थियों ने रंगारंग गतिविधियों में लिया भाग, जमकर की मस्ती

# रीतिक मिस्टर और अंजली को बनाया मिस फ्रेशर

विद्यार्थियों में आत्मविश्वास जगाने का माध्यम बनते फ्रेशर पार्टी जैसे आयोजन : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

राजकीय शिक्षण महाविद्यालय नए सत्र के विद्यार्थियों के स्वागत में फ्रेशर पार्टी का भव्य आयोजन किया, जो वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा अपने कनिष्ठों के स्वागत के लिए स्नेह और उत्साह से भरा एक शानदार समारोह था। फ्रेशर्स ने कार्यक्रम में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए गायन, नृत्य, कविता पाठ, और नुक्कड़ नाटक जैसी रंगारंग प्रस्तुतियां दी।


**भिवानी।** शिक्षकों के साथ विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### रैंपवॉक और टैलेंट राउंड रहा आकर्षण का केंद्र

फ्रेशर्स के लिए रैंपवॉक और टैलेंट राउंड मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे, जहां उन्होंने आत्मविश्वास के साथ अपनी रचनात्मकता और कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने जमकर मस्ती की और एक-दूसरे के साथ परिचय किया, जिससे कॉलेज परिसर में एक खुशनुमा और दोस्ताना माहौल बन गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर प्रतियोगिता रही। विभिन्न राउंड्स में उनके आत्मविश्वास, बुद्धिमत्ता और प्रस्तुति के आधार पर जज माधवी, प्रेरणा, शंकर व नरेश ने निर्णय लिया। इस दौरान मिस्टर फ्रेशर रीतिक व मिस फ्रेशर अंजली बने। वही मिस्टर पर्सनलिटी अरूण व मिस पर्सनलिटी अपूर्वा बने। कार्यक्रम में स्टार ऑफ दि इवेंट का सम्मान निशा को मिला। प्राचार्य अदम्य वीर ने कहा कि ये पार्टी केवल मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि नए विद्यार्थियों को कॉलेज के माहौल से परिचित कराने और उनके अंदर आत्मविश्वास जगाने का एक माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पवर वेदप्रकाश, मुकेश यादव, अमित कुमार, रचना शर्मा, मनोज कुमार, मनीष कुमार, विमल, फूल कुमार, पवन, गौरव, बीरसिंह, रेखा, रविंद्र, सीताराम, विजेंद्र, अनिल, सुमन व अनिता आदि मौजूद रहे।

## सांसद खेल महोत्सव का गांव चांदवास में 8 से शुरू, सांसद करेंगे शुभारंभ

- 150 से अधिक खिलाड़ी अपनी प्रतिभाएं प्रदर्शित करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

सांसद खेल महोत्सव की 8 नवंबर से बाढड़ा विधानसभा के गांव चांदवास के खेल स्टेडियम से शुभारंभ किया जाएगा। इसका शुभारंभ सांसद धर्मबीर सिंह करेंगे तथा इसमें दादरी उपमंछल के अलग अलग खेलों के 150 से अधिक खिलाड़ी अपनी प्रतिभाएं प्रदर्शित करेंगे।

यह जानकारी सुधीर चांदवास व सरपंच प्रदीप कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 29 अगस्त से सांसद खेल महोत्सव के नाम पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांसद खेल महोत्सव का पोर्टल लॉंच किया है। जिसमें में सबसे पहले विधान सभा स्तर पर खेलो का आयोजन किया गया है। इस स्पर्धा में एथलेटि1स में सौ मीटर दौड़ महिला व पुरुष, लांग जंप, हाई जंप महिला व पुरुष, कुश्ती, तैराकी, बॉक्सिंग, 16 सौ मीटर की दौड़, कबड्डी हरियाणा स्टाईल, नैशनल स्टाईल, वालीबाल समेसिंग, रस्साकसी आदि खेलों को शामिल किया गया है जिसमें रस्साकसी को छोडक़र सभी खेलों में लडक़े लड़कियों की भागीदारी होगी। शुभारंभ सांसद धर्मबीर सिंह करेंगे तथा इसमें दादरी उपमंछल के अलग अलग खेलों के 150 से अधिक खिलाड़ी अपनी प्रतिभाएं प्रदर्शित करेंगे।

**सूचना**

मैं, अश्वनी पुत्र आशा राम निवासी लोहरवाड़ा तहसील व जिला चरखी दादरी बयान करता हूं कि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम अश्वनी पुत्र आशा राम है। किन्तु मेरे लाइसेंस में मेरा नाम अश्वनी पुत्र आशाराम है और अब मैं मेरे लाइसेंस में मेरा नाम अश्वनी पुत्र आशा राम करवाना चाहता हूं।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार को आवेदन

**चरखी दादरी।** भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार योजना के अंतर्गत ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। डीसी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार दिए जाते हैं। इनका उद्देश्य ई-गवर्नेंस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करना व प्रशासनिक सुधारों को बढ़ावा देना है।

### बेरोजगारी भत्ता योजना आवेदन प्रक्रिया शुरू

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार जिला में रोजगार कार्यालय द्वारा बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत हर वर्ष की भांति तीन वर्ष से पंजीकृत बेरोजगारों के लिए बेरोजगारी भत्ते की आवेदन प्रक्रिया आरम्भ शुरू हो चुकी है। 30 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। रोजगार कार्यालय में जिन युवाओं के नाम तीन वर्ष से पंजीकृत होते हैं।

### उपमंडल अस्पताल तोशाम में जांच शिविर

**तोशाम।** वीरवार को उपमंडल अस्पताल तोशाम में मेघा चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। गत 17 सितंबर पीएम मोदी के जन्म दिवस पर आयोजित स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर कैंप का सफल आयोजन किया गया था कैंप की सफलता को देखते हुए अब अनुवर्ती (फॉलोअप) कैंप का आयोजन वीरवार को उपमंडल हस्पताल तोशाम में किया गया।

## गोमाता को केवल पशु समझना हमारी सबसे बड़ी भूल

# गोपाष्टमी पर निकाली भव्य परिक्रमा गोसेवा-गोसंवर्धन की अलख जगाई

**गोसेवा को केवल दान-पुण्य नही समझना चाहिए सच्चा राष्ट्रधर्म : चरणदास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

युवा जागृति जनकल्याण मिशन ट्रस्ट के बैनर तले और बालयोगी महंत चरणदास के पावन सान्निध्य में गोपाष्टमी के अवसर पर वीरवार को शहर में एक गौसेवा एवं गौसंवर्धन जागरूकता परिक्रमा निकाली गई। इस परिक्रमा का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को गौपालन के महत्व से अवगत कराना और उन्हें गौ संरक्षण के लिए प्रेरित करना था।

स्थानीय हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर से शुरू हुई परिक्रमा शहर के मुख्य मार्गों से गुजरे। इस दौरान बालयोगी महंत चरणदास महाराज ने गौपालन के महत्व को धार्मिक, आर्थिक और पर्यावरणीय, तीनों दृष्टिकोणों से समझाया। बालयोगी महंत चरणदास महाराज ने कहा कि गौमाता को केवल पशु समझना हमारी सबसे बड़ी भूल है। हमारी संस्कृति में गाय को माता का दर्जा दिया गया है, और यह सिर्फ इसलिए नहीं कि हम उनकी पूजा करते हैं, बल्कि इसलिए कि वह हमारे संपूर्ण जीवन का आधार हैं। उन्होंने कहा कि गौसेवा केवल धर्म का हिस्सा नहीं है, यह हमारी भारतीय सभ्यता का मूल है। गोपाष्टमी का पर्व हमें भगवान कृष्ण के गौपालक स्वरूप की याद दिलाता है और हमें गौमाता के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराता है। महंत चरणदास महाराज ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपनी जीवनशैली में गौमाता को स्थान दें और गौ संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इस अवसर पर अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे।



भिवानी। परिक्रमा के दौरान गायों को गुड खिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि



भिवानी। गायों को गुड़ खिलातीं महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

## श्री अग्रवाल सभा ने गोचारा सेवा व प्रसाद बांटा

**भिवानी।** श्री अग्रवाल सभा (रजि.) भिवानी ने इस वर्ष गौपाष्टमी पर्व को विशेष रूप से मनाया। यह आयोजन धार्मिक आस्था, सेवा भावना और सांस्कृतिक मूल्यों का संगम के रूप में मनाया गया। सभा द्वारा वीरवार को गोपाष्मी पर गौ चारा सेवा और प्रसाद वितरण के दो प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कड़ी में वीरवार को स्थानीय पतराम गेट गौशाला गौचारा सेवा व प्रसाद सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्री अग्रवाल सभा (रजि.) भिवानी के प्रधान सुनील सर्राफ ने कहा कि उन्होंने कहा कि गौपाष्टमी का पर्व भगवान श्रीकृष्ण और गौमाता को समर्पित है। पौराणिक मान्यता है कि इसी दिन भगवान कृष्ण ने पहली बार गाय चराना आरंभ किया था। इसलिए यह दिन गौ सेवा, संरक्षण और आभार प्रकट करने का प्रतीक बन गया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौमाता को मातृत्व और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। इस अवसर पर श्रद्धालुजन द्वारा गौ चारा सेवा के माध्यम से गौमाता के प्रति अपनी भक्ति और कृतज्ञता प्रकट की गई। इसके अलावा सेवा और भक्ति के इस दिवस पर प्रसाद वितरण के माध्यम से गौपाष्टमी के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना और सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना भी था। प्रधान सुनील सर्राफ ने कहा कि गौ सेवा हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। इस विशेष दिन पर हम सब मिलकर गौ सेवा की परंपरा को आगे बढ़ाना चाहिए, ताकि युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं संस्कारों से अवगत करवाया जा सकें। इस अवसर पर विजय बंसल टैणी, अधिवक्ता अजय सर्राफ, मनीष वैद, प्रकाश मित्तल, पंकज कसेरा, मुकेश बंसल, सुरेश कागजी, रामअवतार गुप्ता, आशीष मित्तल, ललित मित्तल चीनीवाला, रविंद्र पोद्दार, मनोज कुमार, रायचंद सिंगला, लख्मीचंद, मामन चंद, विष्णु केडिया, पवन केडिया, अनिल तायल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## तोशाम की बाबा मुंगीपा गोशाला में गोपूजा एवं हवन-यज्ञ

**तोशाम।** वीरवार को तोशाम की बाबा मुंगीपा गोशाला एवं गोअस्पताल में गोपूजा एवं हवन-यज्ञ के साथ गोपाष्टमी मनाई गई। इस दौरान ज्योतिष आचार्य कुंज बिहारी शास्त्री ने वेद मंत्र उच्चारण के साथ हवन-यज्ञ संपन्न कराया। वहीं अनेक गोभक्तों ने गौशाला परिसर में पहुंचकर गौमाता की पूजा की तथा हवन-यज्ञ में आहुति देकर धर्म लाभ उठाया। इस मौके पर मौजूद गौशाला ट्रस्ट के प्रधान सतपाल दूहन ने कहा कि गोमाता के अंदर सभी देवी-देवता विद्यमान है, वहीं गौमाता का दूध तथा गोमूत्र अमृत के समान है अतः गोमाता की पूजा करने से सभी देवी-देवताओं की पूजा करने का फल प्राप्त होता है। उनका कहना था कि हजारों साल पहले गोपाष्टमी के दिन ही भगवान श्री कृष्ण ने गोपालक बनकर गाय चराना प्रारंभ किया था तभी से इस दिन को गोपाष्टमी के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में तोशाम की बाबा मुंगीपा गौशाला एवं गौ अस्पताल में गोपाष्टमी पर्व पर गौ पूजा के साथ हवन-यज्ञ आयोजित किया गया। जिसमें कस्बे के अनेक गो भक्तों ने पहुंचकर गौ माता की पूजा की तथा हवन-यज्ञ में आहुति डाली। मौके पर चतुर्भुज गोयल, ओमवीर गर्ग, ज्योतिष आचार्य कुंज बिहारी शास्त्री, जयवीर भगत बागनवाला वाले, दीपचंद भारद्वाज, एडवोकेट सत्यवान शयोराण, जयप्रकाश शास्त्री गौशाला के पूर्व प्रधान जगदीश बरवालिया, पंच प्रतिनिधि राकेश, आढ़ती चेतन शर्मा, ओमप्रकाश गोयल बहल वाले, पं. मदन मोहन शुक्ला, संदीप पंघाल, रामधारी जिंदल, पुनीत शुक्ला, पूर्व बीडीसी चेयरपर्सन राखी जिंदल, संतोष देवी, रोशनी देवी, मांगेराम पंघाल टिबड़ी वाले, सोनू आदि गोभक्त मौजूद थे।



तोशाम। गोपाष्टमी पर्व पर तोशाम में हवन करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

# श्रीगोशाला ट्रस्ट में हवन व गोपूजन से मनाई गोपाष्टमी

■ गोमाता व भगवान श्रीकृष्ण के प्रति श्रद्धा का पर्व है गोपाष्टमी : विधायक सर्राफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

महम रोड श्रीगोशाला ट्रस्ट में वीरवार को गोपाष्टीम पर्व हवन एवं गौपूजन के साथ मनाया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने शिरकत की तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर पशुपालन विभाग के उपमंडलाधिकारी डॉ. राजेश जाखड़ पहुंचे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी नंदकिशोर अग्रवाल ने की तथा संयोजक कमल प्रसाद अग्रवाल रहे। कार्यक्रम के दौरान गौशाला के सफाई कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। विधायक सर्राफ ने कहा कि गोपाष्टमी हिन्दू धर्म में गौ माता और भगवान श्रीकृष्ण के प्रति श्रद्धा का पर्व है, ये पर्व कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पौराणिक कथा के अनुसार जब भगवान श्रीकृष्ण छह वर्ष के हुए तब उन्होंने माता यशोदा और नंद बाबा से जिद की कि अब वे बछड़ों के साथ-साथ गायों को भी चराना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू शास्त्रों के अनुसार, गाय के शरीर में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास माना जाता है, इसीलिए गौमाता को अत्यंत पूज्या और सम्मानित स्थान प्राप्त है। हमें गौमाता की सेवा करनी चाहिए, क्योंकि उनका दूध, गोबर, मूत्र व अन्य उत्पाद हमारे जीवन में उपयोगी हैं। हम सभी गोपाष्टमी पर संकल्प लें कि हम गौमाता की सेवा, सुरक्षा और संरक्षण के प्रति सजग और जागरूक रहेंगे। गायों का सम्मान और उनकी सेवा हमारे समाज और संस्कृति की महान परंपरा है, जिसे हमें आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना है।



भिवानी। गोशाला में गोपूजन कर हवन में आहुति डालते विधायक घनश्यामदास सर्राफ व अन्य।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर डॉ. विजय सनसनवाल, डॉ. मोहनलाल बलेसरा, धर्मपाल, कुसुम, रीतू, राजेंद्र, जोगेंद्र, धर्मबीर, राजकुमार, निखिल, राहुल, प्रदीप, सतबीर, धर्मचंद, सुनील यादव आदि मौजूद रहे।

# गोसेवा से मिलता आत्मिक सुख और जीवन में आती है सकारात्मक ऊर्जा

■ राधा कृष्णा गोशाला कादमा में वार्षिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

ग्राम कादमा में स्थित राधा कृष्णा गौशाला में वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक माहौल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे महादेव बलाली ने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति की आत्मा है और इससे मन को अद्भुत शांति व आत्मिक सुख प्राप्त होता है।

उन्होंने कहा कि जिस समाज में गोमाता की सेवा होती है, वहाँ समृद्धि और शांति का वास होता है। समाज सेवी महादेव बलाली ने युवाओं से आह्वान किया कि वे आधुनिक जीवनशैली के साथ-साथ भारतीय परंपराओं को भी अपनाएं और गौसेवा को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं।

उन्होंने कहा कि गौशालाए सिर्फ गायों का आश्रय स्थल नहीं, बल्कि मानवता की सीख देने वाले केंद्र हैं। समाज सेवी महादेव बलाली ने कहा कि आज के युग में जब भौतिकता बढ़ रही है, तब हमें अपने मूल संस्कारों की ओर लौटना चाहिए। उन्होंने कहा कि गौसेवा से न केवल आत्मिक संतोष मिलता है, बल्कि यह ईश्वर की साक्षात सेवा के समान है।

**विशाल भंडारा भी लगाया**

कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण और गौमाता के पूजन के साथ हुई। इसके बाद भजन-कीर्तन और सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। भक्तों ने गौसेवा, दान और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर चर्चा की। गौशाला प्रबंधन समिति की ओर से आगंतुकों का स्वागत पारंपरिक अंदाज में किया गया। कार्यक्रम के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मौके पर जिला पार्षद अशोक कादमा, सामाजिक कार्यकर्ता रामफल कादमा, सरपंच प्रतिनिधि महेश फौजी, सरपंच सचिन बडराई, आबिद खान, पूर्व सरपंच राजकुमार गोपालवास आदि मौजूद रहे।

# जेई दिनेश ने रोपित की त्रिवेणी पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

■ कर्मचारियों के साथ मिलकर पौधरोपण अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

शहीद भगत सिंह चौक के नजदीक ऑफिसर कॉलोनी में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीएंडआर विभाग के जेई दिनेश कुमार ने कर्मचारियों के साथ मिलकर पौधरोपण अभियान चलाया। इस दौरान त्रिवेणी का रोपण किया। जेई दिनेश ने जोर दिया कि पौधरोपण सिर्फ पेड़ लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढियों के लिए एक स्वस्थ और स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने का एक संकल्प है। उन्होंने कहा कि त्रिवेणी एक साथ तीन पवित्र पौधे (जैसे पीपल, बरगद और नीम) लगाने की भारतीय परंपरा है, जिसे अत्यधिक शुभ माना जाता है और ये अधिकतम ऑक्सीजन तथा छाया प्रदान करने के लिए जाना जाता है। इस नेक पहल में न केवल बीएंडआर विभाग के कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, बल्कि कई प्रमुख पर्यावरण संरक्षक भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस कार्य को और भी प्रेरणादायक बना दिया। पर्यावरण प्रहरी लोकराम नेहरा ने अपने अनुभवों को सांझा किया और पौधारोपण के बाद उनकी देखभाल के महत्व पर प्रकाश डाला।



भिवानी। त्रिवेणी रोपित करते जेई दिनेश कुमार व अन्य।

### दिव्यांग के जीवन में सूर्य की किरण फैलाना आमजन का कर्तव्य

**बाढड़ा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खंड संसाधन कक्ष में दो दिवसीय खंड स्तरीय दो दिवसीय दिव्यांग समावेशी शिक्षण जागरूकता शिविर का शुभारंभ बीआरसी कम प्राचार्य योगेश सांगवान द्वारा किया गया जिसमें बच्चों के जीवन सुधारने की योजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। शिविर को संबोधित करते हुए प्राचार्य योगेश सांगवान यह उन विशेष बच्चों के अभिभावकों स्कूल अध्यापकों, आंगनबाड़ी, सदस्य एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक करने की दृष्टि से सरकार द्वारा ऐसे शिविर आयोजित किए जाते हैं। विशेष बच्चों की योग्यता वास्तव में अनूठी है और उनको पहचान कर उभारने की आवश्यकता है।

# रक्तदान शिविर में 31 ने किया महादान

■ हरफूल सिंह की 8वीं पुण्यतिथि पर गांव कुंगड़ में रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

गांव कुंगड़ में बड़ा पाना स्थित सामुदायिक केंद्र में स्व. हरफूल सिंह गोयत की 8वीं पुण्यतिथि के अवसर पर वीरवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में क्षेत्र के रक्तदाताओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया और जीवनदान की इस मुहिम में अपना योगदान दिया। शिविर में एकत्रित रक्त को थैलेसीमिया और अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे जरूरतमंद मरीजों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। ये जानकारी देते हुए आयोजक ठेकेदार नरेंद्र गोयत ने बताया कि शिविर में बतौर मुख्यअतिथि शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा व जुगताई नाथ थे व विशिष्ट अतिथि मोनू चौधरी शहीदे - ऐ -आजम-भगत सिंह ट्रस्ट व सरपंच रोहित थे । इस मौके पर 31 लोगों ने रक्तदान किया, जिन्हें अतिथियों द्वारा बैज लगाकर सम्मानित किया गया।



बवानीखेड़ा। रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**यह रहे मौजूद**

शिविर में बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंचे सरपंच रोहित ने ने रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों में यह भ्रांति है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। उन्होंने वैज्ञानिक तथ्य बताते हुए कहा कि रक्तदान के बाद शरीर में नया रक्त बनता है, जिससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इसलिए, स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर शहीद भगत सिंह युवा क्लब कुंगड़ के सभी साथी व अनेक गणमान्य लोग और ग्रामीण मौजूद रहे, जिन्होंने इस नेक कार्य में अपना सहयोग दिया

## खेलकूद — बदलाव की पाठशाला की पहल से बच्चों में जागा खेलों के प्रति प्रेम

**प्रत्येक बच्चे को किसी न किसी खेल को जीवन में जरूर चाहिए अपनाना : पिंकू**

# विद्यालय में सद्भावना दौड़ में खूब दौड़े घुसकानी स्कूल के बाल धावक, बच्चों ने दिखाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव घुसकानी स्थित वीर शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय में वीरवार को शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशानुसार पर व मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार की देखरेख में सदभावना दौड़ का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। यह आयोजन बदलाव की पाठशाला के तत्वावधान में किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन और सद्भावना के संस्कारों को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में राजकीय उच्च विद्यालय के छात्र छात्राओं ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया। लडक़ों की दौड़ प्रतियोगिता में दीपांशु ने प्रथम स्थान,नितेश ने द्वितीय स्थान,तथा अतुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं लड़कियों की दौड़ प्रतियोगिता में तमन्ना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, कविता ने द्वितीय और धोलो तृतीय स्थान पर रहीं। विजेता विद्यार्थियों को बदलाव की पाठशाला के संयोजक एवं विद्यालय के शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू द्वारा लेखन सामग्री देकर सम्मानित किया गया। शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है, बल्कि यह उनकी छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करने का भी माध्यम बनता है। प्रत्येक बच्चे को किसी न किसी खेल को जीवन में अपनाना चाहिए, क्योंकि खेल हमें स्वस्थ, अनुशासित और आत्मविश्वासी बनाते हैं।






भिवानी। दौड़ में भाग लेते प्रतिभागी व स्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## राष्ट्र की एकता और अखंडता का प्रतीक होगी रन फॉर यूनिटीः डीसी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर 31 अक्टूबर को भीम स्टेडियम में सुबह 6:30 बजे रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ न होकर राष्ट्र की एकता और अंखडता का प्रतीक होगी। डीसी गुप्ता वीरवार को लघु सचिवालय स्थित वीसी हॉल में रन फॉर यूनिटी के आयोजन के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे रहे थे। वहीं दूसरी ओर हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल तथा महानिदेशक केएम पांडूरंग ने रन फॉर यूनिटी तथा हरियाणा दिवस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर प्रदेशभर के जिलाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि रन फॉर यूनिटी के माध्यम से राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रबल करने का संदेश दिया जाएगा। ।

**स्वास्थ्य विभाग, रेडक्रॉस, पुलिस विभाग की ड्यूटी लगाई**

रन फॉर यूनिटी के लिए स्वास्थ्य विभाग, रेडक्रॉस, पुलिस विभाग की ड्यूटी लगा दी गई है। पुलिस की गाड़ी रन फॉर यूनिटी के आगे-आगे रहेगी। उन्होंने बताया कि रन फॉर यूनिटी भीम स्टेडियम से हांसी गेट, डॉ.जेबी गुप्ता हस्पताल के सामने से होते हुए चिड़िया घर, शहीद भगत सिंह चौक से बीपीएस स्कूल के सामने से होते हुए कॉलेज मोड से सदर थाना के पास से वापस भीम स्टेडियम में संपन्न होगी। डीसी ने विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में काम करने वाले सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से आहवान करते हुए कहा कि वे रन फॉर यूनिटी में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों।